





## एक नजर में



### अवैध शराब बंदी का मुद्दा फिर गर्माया, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत भैरूंदा.** थाना अन्तर्गत अवैध शराब बिक्री का मामला फिर गर्माने लगा है. ग्राम इटावा इटारसी के ग्रामीण सोमवार को बड़ी संख्या में गोपालपुर थाना पहुंचे और अवैध शराब बंदी को लेकर विरोध जताया. ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब की बिक्री पर कार्यवाही करने की मांग की. गौरतलब है कि जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में ग्राम पाचोर की महिलाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शराब बंदी पर रोक लगाने की मांग की थी. साथ ही चेतावनी भी दी थी कि यदि कार्यवाही नहीं हुई तो महिलाएं आंदोलन भी करेंगी. सोमवार को ग्राम इटावा इटारसी के ग्रामीणों ने गोपालपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब की बिक्री बंद करने की मांग की. ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा.



### नपाध्यक्ष राठौर ने बारिश में किया क्षेत्र का अवलोकन

**नवभारत सीहोर.** शहर सहित आस-पास के क्षेत्र में बारिश का दौर जारी है. सोमवार को भी सुबह से तेज बारिश हो रही है. ऐसे में शहर के अनेक स्थानों पर जल भराव की समस्या नहीं हो इसे लेकर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य पार्षदों ने नगर का जायजा लिया. वार्ड क्रमांक 32 के पार्षद आजम नेता ने बताया कि नरेन्द्र नगर में 15 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है. नपाध्यक्ष श्री राठौर के अलावा अमले ने अवलोकन किया. वहीं तेज बारिश के कारण नालियों में कचरे आदि के कारण नालियां चौक हो गई हैं. इसको लेकर नपा टीम सक्रिय है. उन्होंने क्षेत्रवासियों से कहा अपने ओटले हटा दें ताकि नालियां खुली रहें और पानी का निकास ठीक से हो सके. नगर पालिका की सफाई टीम को सहयोग करें. आस-पास की नालियों को समय-समय पर चेक करें और अवरोधक चीजें हटाएं.



### विधायक राय ने सपत्नीक लिया पं. मिश्रा से आशीर्वाद

**नवभारत सीहोर.** श्रावण माह के प्रथम दिवस कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय ने बाबा महाकाल कुबेर भंडारी के दर्शन किए और नागरिकों की सुखशांति समृद्धि की कामना बाबा महाकाल से की. तत्पश्चात शॉल श्रीफल से कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय ने इस अवसर पर उपस्थित समस्त नागरिकों को श्रावण सोमवार की शुभकामनाएं दी और देश भर से कुबेरेश्वर धाम पहुंच रहे कावड़ियों का स्वागत किया.



### हिंदू उत्सव समिति ने किया नवगठित अध्यक्षों का सम्मान

**नवभारत आष्टा.** आगामी हिंदू त्योहारों को सुव्यवस्थित एवं सामूहिक रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से हिंदू उत्सव समिति द्वारा एक समारोह का आयोजन किया गया. यह आयोजन व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर के नेतृत्व में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में नवगठित सकल हिंदू समाज के अध्यक्षों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर विशेष रूप से अनिल श्रीवास्तव एवं नरेंद्र कुशवाह को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ. जिसमें अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.



### अकादमी के छात्रों ने दो गोल्ड और 6 सिल्वर जीते

**नवभारत सीहोर.** द लायंस ताइक्वांडो अकादमी के छात्रों ने एक बार फिर प्रतियोगिता में अपना दम दिखाया. इंदौर में हुई दूसरी ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन कर खिलाड़ियों ने 10 मेडल के साथ जिले का नाम रोशन किया है. ताइक्वांडो कोच नीरज घोषी ने बताया कि खिलाड़ियों की मेहनत और लगन से प्रतियोगिता में मेहनत कर 2 गोल्ड, 6 सिल्वर के साथ 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते. स्वर्ण पदक दिव्य जोशी, हुजेर खान जीते तो वही रजत पदक अभिनव कुमार, भरत मालवीय, उदित तोषनीवाल, प्रबल प्रताप सिंह, अंश मेवाड़ा, पार्थ पांडे के साथ विराट जाट और तनिष्क भाटी ने कांस्य पदक जीते. विजेता खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर ताइक्वांडो कोच नीरज घोषी सहित परिजनों ने बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की है.

# पांच की जलसमाधि, चार शव मिले, एक लापता

## रेहटी थाना क्षेत्र की सोलवी नदी में बहे पति- पत्नी और मासूम बच्चे के अलावा कोलार डेम में डूबे दो छात्र

- रेहटी क्षेत्र की सोलवी नदी के समीप पिकनिक मना रहे थे
- तेज बारिश के चलते रेस्क्यू रोकना पड़ा, कल करेंगे तलाश

नवभारत न्यूज

**सीहोर. बारिश का मौसम शुरू होते ही पानी में डूबने की घटनाएं सामने आने लगी हैं. रविवार को परिवार के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे पति-पत्नी और बेटा सोलवी नदी में बह गए तो भोपाल से कोलार डेम आए चार दोस्तों में से दो डूब गए. दोनों मामलों में गोताखोरों ने चार शव निकाल लिए हैं जबकि एक व्यक्ति की तलाश लगातार दूसरे दिन शाम तक जारी रही.**



**रेहटी.** थाना क्षेत्र की सोलवी नदी में हुए हादसे के बाद प्रशासनिक अधिकारी दिन भर मौके पर रहकर रेस्क्यू ऑपरेशन पर नजर बनाए थे.

बारिश के मौसम में नदी-तालाबों का जलस्तर बढ़ने के साथ जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए जाते हैं, लेकिन लोग इनकी अवहेलना कर खुद की जिंदगी को दांव पर लगा देते हैं. ऐसे ही दो वाक्ये रविवार को साप्ताहिक अवकाश के दौरान देखने को मिले. पहला वाक्या रेहटी थाना क्षेत्र में घटित हुआ था. बताया जाता है कि ग्राम मालीवायां निवासी 40 वर्षीय अताउर्रहमान अपनी पत्नी 35 वर्षीय रफत और दो बेटों 10 वर्षीय रिवजर और ढाई वर्षीय बालक ओरम के साथ ग्राम सुरई के जंगल में पिकनिक मनाने गए थे. बताया जाता है कि गांव के समीप बहने वाली सोलवी नदी में नहाने के दौरान पति- पत्नी और ढाई साल का मासूम ओरम नदी के गहरे पानी में डूब गए, जबकि दूसरा बालक रिवजर बाल- बाल बच गया. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन शाम तक तीनों में से किसी का भी कोई सुराग नहीं मिला था.

इसी तरह रविवार को भोपाल में रहकर बी फार्मा की पढ़ाई करने वाले बिहार के जगतपुर निवासी 20 वर्षीय प्रिंस राजपूत आ. सुजय कुमार सिंह व छतरपुर निवासी उज्वल त्रिपाठी आ. ओमप्रकाश त्रिपाठी अपने दो साथी शैलेन्द्र धाकड़ और सत्यम पटेल के साथ कोलार डेम घूमने पहुंचे थे. बताया जाता है कि गहरे पानी में चले जाने से प्रिंस सिंह और उज्वल त्रिपाठी डूब गए थे. इनकी तलाश में भी अभियान चलाया गया था, लेकिन रात होने के कारण टीम को रेस्क्यू आपॅरेशन रोकना पड़ा था.

सोमवार की सुबह उजाला होने के साथ दोनों स्थानों पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया. कुछ ही देर में रेहटी की सोलवी नदी ने सबसे पहले मासूम बालक ओरम शव उगला. उसके कुछ देर बाद महिला रफत का शव भी एसडीआरएफ ने ढूंढ निकाला, लेकिन अताउर्रहमान का शव शाम तक नहीं मिल सका. तेज बारिश के चलते एसडीआरएफ को रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा जिसे मंगलवार को एक बार फिर चलाते हुए अताउर्रहमान की तलाश की जाएगी.

इधर कोलार डेम में डूबे दोनों छात्रों की तलाश एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों द्वारा सुबह से की जा रही थी. आखिरकार 18 घंटे के तलाशी अभियान के बाद सोमवार की सुबह लगभग दस बजे दोनों छात्रों के शव भी कोलार डेम से बरामद किए गए. पुलिस ने दोनों छात्रों के शवों का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं.

### पर्यटकों को वॉटरफॉल जाने से रोक रहे कर्मचारी

बारिश के दौरान झरनों पर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इन झरनों पर पर्यटकों को जाने से रोका जा रहा है. अमरगढ़ वाटरफॉल एवं अन्य वॉटरफाल जाने वाले रास्तों पर स्थानीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. ये कर्मचारी वॉटरफॉल जाने वाले रास्तों पर ड्यूटी कर रहे हैं और नागरिकों एवं पर्यटकों को वॉटरफॉल पर जाने से रोक रहे हैं. कलेक्टर बालागुरु के ने वॉटरफॉल पर होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने अमरगढ़ वॉटरफॉल, दिगंबर वॉटरफॉल तथा कालियादेव वॉटरफॉल पर 15 अक्टूबर तक पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित किया है.

## कलेक्टर ने पांच टीबी मरीजों को लिया गोद

**सीहोर.** टीबी उन्मूलन के लिए जनभागीदारी अभियान के तहत कलेक्टर बालागुरू के ने निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीयन कराकर पांच टीबी मरीजों की पोषण आहार सहायता की जिम्मेदारी ली. इन टीबी मरीजों को 6 माह की उपचार अवधि तक प्रतिमाह फूड बास्केट दिया जाएगा. कलेक्टर तथा जिला पंचायत सीईओ सहित 47 अधिकारियों ने टीबी मरीजों को गोद लिया है. कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि टीबी रोग को हराने और देश को जिताने के साथ ही सीहोर जिले को टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों के सहयोग और प्रयासों की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि क्षय उन्मूलन के लिए सभी समर्थ नागरिक इस जनभागीदारी कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं. क्षय उन्मूलन के लिए जिले में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जा रहा है. कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों से इस कार्यक्रम में अपनी स्वैच्छिक सहभागिता देने के अपील की है. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम नितिन टाले, जमील खान, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाती मिश्रा, सुधीर कुशवाह, सीएमएचओ सुधीर डेहरिया आदि उपस्थित थे.

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** आंगनबाड़ियों में सोमवार को ताले लटके रहे. बच्चे पौषण आहार को तरस गए. इधर कलेक्ट्रेट में मोबाईल की फ्लेश लाइट जलाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया.

पोषण ट्रेकर ऐप फेस केप्चर और अन्याय अत्याचार का विरोध किया. आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने पहले बस स्टेंड स्थित गीता भवन में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चार घंटे तक धरना दिया. आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को संघ जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने अधिकारों मांगों और सरकार की नीतियों के प्रति जागरूक किया. गीता भवन से बेनर पोस्टरों के साथ नारेबाजी करते हुए जिले भर की यूनिफार्मधारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकाली. दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर स्वाती मिश्रा को सौंपा गया. इस मौके पर जिलाध्यक्ष उषा राठौर, सचिव रजनी विश्वकर्मा, याशिता धीमान, डाली कुशवाह, तबसुम, गिराज मौर्य, दीपमाला, महादेवी वर्मा, बबीता, रानी श्रीवास्तव, पुष्पा तिवारी, सारी जैन, अनीता मेवाड़ा, आशा मेवाड़ा, मनीषा राठौर, सविता गुप्ता, सीता प्रजापति, दीपा गोटिया, मधु चौहान, पूजा, अबुना, रीना, तरुणा, अनीता आदि कार्यकर्ताएं उपस्थित थीं.



## मुआवजा वितरण में देरी से नाराज हुए कलेक्टर

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई. बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की. बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे, रेल परियोजनाओं, सिंचाई सहित परियोजनाओं के लिए भू अर्जन, मुआवजा वितरण, अर्जित भूमि का नामांतरण एवं कब्जा दिलाने के कार्य में प्रगति लाई जाए. उन्होंने भूअर्जन के पश्चात होने वाले मुआवजा वितरण की कार्यवाही में देरी पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए कि मुआवजा वितरण की कार्यवाही जल्द से जल्द की जाए.

## तेंदुए की शिकार बनी बछिया, गाय पर हमला

- वन परिक्षेत्र की बमूलिया बीट में दिखा तेंदुए का मूवमेंट
- तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** वन परिक्षेत्र उलझावन के अन्तर्गत बमूलिया बीट में तेंदुए ने जहां एक गाय पर हमला कर घायल कर दिया वहीं उसकी छोटी बछिया को अपना निवाला बना बनाया है. इस घटना के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है.

जानकारी के अनुसार ग्राम बमूलिया-शिकारपुर के बीच जंगल में एक गाय अपनी बदिया के साथ बिचरण कर रही थी. तभी अचानक तेंदुए ने गाय पर हमला कर दिया. जिससे गाय घायल हो गई. वहीं तेंदुए ने छोटी बछिया को अपना निवाला बना लिया है.



ग्राम के राहुल मीणा ने बताया कि जब हम जंगल में मवेशी चराने गए थे तो देखा कि गाय तड़प रही थी. वहीं उसके पास तेंदुए के पैरों के निशान भी मिले. थोड़ी दूरी पर बछिया के शव के अवशेष भी पाए गए. राहुल का कहना है कि जब में दूसरे दिन सुबह दस बजे के लगभग अन्य लोगों के साथ गाय का इलाज कराने के लिए गया तो देखा कि गाय की मौत हो चुकी है. जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को भी दी थी. इस संबंध में वन रक्षक संजय शर्मा ने बताया कि तेंदुआ तो जंगल में है लेकिन वह अभी तक रहवासी क्षेत्र में नजर नहीं आया है. जंगल में जरूर एक गाय पर हमला किया है. उसके पास में तेंदुए के पद चिन्ह मिले हैं.

## ट्रेन स्टॉपेज की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** डेली अप डाउनर्स संघ द्वारा रेलवे स्टेशन पर सभी तरह की ट्रेनों का स्टॉपेज करने की मांग को लेकर रतलाम मंडल डीआरएम के नाम का ज्ञापन रेलवे स्टेशन मास्टर को सौंपा गया है. राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने कहा कि कोरोना काल के पहले इंन्दौर जबलपुर ओवरनाइट एक्स एवं पुरी-जोधपुर एक्स का स्टापेज सीहोर था. उक्त दोनों ट्रेनों का स्टापेज शुरू नही किया है. जबकि यह ट्रेन कालापीपल, अकोदिया, शुजालपुर स्टेशन पर रोकी जा रही हैं. इन स्टेशनों कि तुलना में सीहोर स्टेशन का राजस्व कई गुना ज्यादा है फिर भीदेशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के साथ दोगला व्यवहार किया जा रहा है.

# दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म करने के 3 आरोपियों को उम्रकैद

- जेल से पति की रिहाई का झांसा देकर बुलाया था
- आरोपियों ने दुष्कर्म के अलावा पीड़िता के जेवर व नगदी लूटी

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** अपने ही दोस्त की पत्नी के साथ बुदनी के जंगल में दुष्कर्म करने और लूट के मामले में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने तीन आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 31-31 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक एनएस मेवाड़ा ने की.



आरोपियों ने महिला को उसके पति की जेल से रिहाई के बहाने होशंगाबाद बुलाया था, जब रिहाई नहीं हुई और वह वापस अपने गांव जाने लगी तो रास्ते से लेने पहुंचा युवक उसे जंगल में ले गया और तीन बदमाशों ने दुष्कर्म किया. यही नहीं महिला के साथ मारपीट कर लूट की वारदात को भी अंजाम दिया. पीड़िता ने 4 मार्च 2023 को बुदनी थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसका पति होशंगाबाद जेल में बंद था. उसके पति के दोस्त शाका उर्फ मोईन खान निवासी वनखेड़ी जिला नर्मदापुरम ने उसे फोन किया कि उसके पति की रिहाई हो रही है वह नर्मदापुर आ जाए. दूसरे दिन 4 मार्च 23 को वह नर्मदापुरम जेल के बाहर दिन भर इंतजार करती रही, लेकिन उसके पति की रिहाई नहीं हुई. फिर शाका का फोन आया कि रात 8 बजे तक रिहाई होगी तुम बुदनी में उसकी बहन के यहां जाकर रुक जाओ. जब वह बस में बैठकर जाने लगी तो फिर से शाका ने फोन करके कहा कि रिहाई हो रही है तुम उतर जाओ. इसके बाद बुदनी पुल पर शाका ने एक लड़के को बाइक से उसे लेने के लिए भेजा, जो उसे बुदनी के जंगल में ले गया. यहां शाका उर्फ मोईन और उसके दो अन्य साथियों ने उसके साथ बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया और मारपीट कर रुपए तथा उसके जेवरात लूट लिए. किसी तरह पीड़िता वहां से भागकर जंगल में ही छिपी रही और दूसरे दिन बुदनी थाना पहुंची. बुदनी पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी शाका उर्फ मोईन खान 39 साल निवासी बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम तथा उसके दो अन्य साथ शाहरुख खान 22 साला निवासी बाबई जिला नर्मदापुरम और शोएब खान 22 साल निवासी वनखेड़ी जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में पेश किया. जहां तथ्यों एवं साक्ष्यों की सूक्ष्म विवेचना करते हुए विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास और 31-31 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई.

## तेज गति से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**बुधनी.** राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर मिडघाट रोड़ पर भोपाल की ओर से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. मौजूद लोगों ने ट्रक चालक और क्लीनर को कांच तोड़कर बाहर निकाला. ड्राइवर और क्लीनर दोनों फिलहाल सुरक्षित बताए जाते हैं.


In The Court of I Additional Judge To I
Civil Judge Class-I, District Court, Sehore
Presiding Officer : दीपेन्द्र मालू

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सेक्शन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000012/2025)

प्रेम बाई......................आवेदक

Vs

बैंक ऑफ इंडिया............अनावेदक

पेशी दिनांक :28/08/2025

प्रेषिति

(1) सर्वसाधारण पता-तह.व जिला सीहोर

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्र. 1 प्रेमबाई पत्नि स्व. मांगीलाल आयु 53 वर्ष आ.क्र. 2 श्रीमती ज्योति पिता मांगीलाल आयु 31 वर्ष आ.क्र. 3 श्रीमती पिंकी पिता मांगीलाल आयु 30 वर्ष आ.क्र. 4 किरण पिता मांगीलाल आयु 27 वर्ष आ.क्र. 5 पूजा पिता मांगीलाल आयु 25 वर्ष आ.क्र. 6 सचिन पिता मांगीलाल आयु 24 वर्ष आ.क्र. 7 विकास पिता मांगीलाल आयु 22 वर्ष निवासीगण ग्राम बरखेड़ी तहसील व जिला सीहोर ने की......राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /सरंक्षक नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 अगस्त 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दि. 28 अगस्त 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

**न्यायाधीश**
**(दीपेन्द्र मालू)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश**
**सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)**

**कृप्या ध्यान दें:**
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।


धार्मिक

### श्रावण मास के पहले सोमवार को उमड़ी मंदिरों में भीड़, कावड़ियों ने किया कुबेरेश्वर धाम पर जलाभिषेक

# दिन भर शिवालयों और देवालयों में गूंजता रहा ऊं नमः शिवाय

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** भगवान शिव की आराधना के पावन माह श्रावण के प्रथम सोमवार को शहर के सभी शिवालयों व देवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी. मनकामेश्वर मंदिर सहित सभी मंदिरों में सुबह से रात तक भगवान का अभिषेक चलता रहा. इसी तरह सीवन नदी से जल भरकर कावड़ियों की टोली समीपस्थ धाम कुबेरेश्वर पर पहुंची और जलाभिषेक किया.

सावन माह को भगवान शिव की आराधना का माह माना जाता है. रिमझिम फुहारों के बीच भगवान शिव की आराधना करने के लिए शिवभक्त महीने भर अभिषेक करते हैं. श्रावण माह के पहले सोमवार को देखते हुए नगर के सभी मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी. सुबह से ही मनकामेश्वर महादेव मंदिर, श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर, सिद्देश्वर महादेव मंदिर सहित सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी. भक्तों ने बिल्व पत्र, दूब और दूध व जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया. इसी तरह सैकड़ों भक्त शहर की सीवन नदी से जल भरकर कुबेरेश्वर धाम पर पहुंचते रहे और अभिषेक किया.

श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर अनेक श्रद्धालुओं द्वारा उज्जैन जाकर महाकाल के दर्शन किए. इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग भोजपुर भी पहुंचे. आगामी सोमवार से शहर में नर्मदा जल लेकर कावड़ियों का सिलसिला शुरू हो जाएगा. आगामी 6 अगस्त को भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी.

### आष्टा में भी आस्था से मन रहा श्रावण माह

सावन मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन शंकर मंदिर, संगम मंदिर सहित समस्त शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया. प्रात:काल से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिरों में दर्शन हेतु लग गई. ओम नमः शिवाय की गूंज और डमरू की ध्वनि से नगर का हर कोना भक्तिमय बना रहा. श्रद्धालुओं ने जल, बेलपत्र, दूध, दही, शहद, गंगाजल एवं विविध पुष्पों से शिवलिंग का अभिषेक कर अपने जीवन में सुख, शांति व समृद्धि की कामना की. शिवालयों को आकर्षक रूप से सजाया गया था. भजन-कीर्तन, कथा व सत्संग के आयोजन भी शिवालयों में सम्पन्न हुए. नगर के प्राचीन शंकर मंदिर पर विशेष पूजन, रुद्राभिषेक व महाआरती का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा भक्तों के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी.

